तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025

मातर महोत्सव में शामिल हुए ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर... 10


ग्रामीणों ने समाज सुधार का संकल्प लिया, नशा... 12




Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से चार मवेशियों की मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** तेज गति व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाकर देर रात चार मवेशीयो को ठोकर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे उक्त ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम लाटाबोड थाना बालोद निवासी रौशन सोनवानी ने पुलिस को बताया कि 25 अक्टूबर को ग्राम बिरेतरा से मातर कार्यक्रम को देखकर अपने दोस्त भरत साहू, जनक साहू के साथ वापस घर आ रहे थे, रात्रि करीबन 12.45 बजे बस स्टैण्ड लाटाबोड पहुचे थे उसी समय दुर्ग से दल्ली राजहरा की ओर जा रही वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीएन 3664 के चालक ने रोड के किनारे बैठे 04 मवेशियो को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मौके पर 04 मवेशी गाय का मृत्यु हो गई।

### युवक के सिर पर पत्थर मारकर घायल किया मामला दर्ज

**बालोद।** गांव के ही दो युवको ने सरपंच के लड़के को पकड़कर उसके सिर को पत्थर से मार दिया। जिससे युवक घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले दोनो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र0 8 कुसुमकसा निवासी चुरेन्द्र पाल सिंद्रामे ने बताया 22 अक्टूबर को करीबन 9.30 बजे अपने गांव के तालाब के तरफ से मै अपने साथी राहुल, राजेन्द्र, रवि तालाब से वापस आ रहे थे कि गोडवाना भवन के पास गांव के उमेश व नवीन दोनो बैठे थे, मुझे देख कर सरपंच का लडका है कहकर मुझे बोलने लगा सरपंच का लडका है क्या कर लेगा कहकर मुझे गाली गलौज कर पत्थर से मेरे सिर में मारा व उमेश मुझे पकडा था जिससे मेरे सिर में चोट आकर खून बहकर दर्द हो रहा है।

### स्पा सेंटर में आपत्तिजनक हालत में मिले लोग

**भिलाई।** देह व्यापार का अवैध कारोबार स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में फिर पकड़ा गया है। जहां से कई आपत्तिजनक हालत में महिला और पुरुष मिले है। एएसपी पद्मश्री पवार ने बताया कि महिला रक्षा टीम व स्मृति नगर चौकी की संयुक्त कार्रवाई है।

**बैठक : घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा की**

# मुख्य सचिव ने ली संभागीय अधिकारियों की वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्य सचिव विकासशील ने आज राज्य के संभाग आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों तथा संबंधित विभागों की अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर सड़को में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों पर नियंत्रण हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की।

इसके अलावा बैठक में उन्होंने वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, खनिज संसाधन विभाग अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु गौवंशीय पशुओं पर नियंत्रण हेतु किए जा रहे उपायों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के नगरीय निकायों में स्थापित किए गए कांजी हाउस को तत्काल क्रियाशील करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने इन सभी कांजी हाउसों में सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित इन कांजी हाउसों में रखा जा सके। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रें के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में निर्मित गौठानों का भी उपयोग सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु गौवंशीय पशुओं को रखने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु गौवंशीय पशुओं के नियंत्रण हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने जिले में गौधाम योजना अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों में गौधाम निर्माण हेतु वर्तमान में 05 स्थानों का चयन करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बालोद जिले में गौ सेवकों को प्रशिक्षित करने के अलावा जन हानि को रोकने की भी समुचित उपाय सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने कहा कि सभी गौधामों में रखे गए गौवंशीय पशुओं के लिए समुचित मात्र में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु चारा कटिंग मशीन की भी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने वन एवं जलवायु विभाग के अंतर्गत वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 अंतर्गत वन भूमि व्यवपवर्तन प्रकरणों के लिये क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु राजस्व भूमि/राजस्व वन भूमि लैण्ड बैंक के रूप में पहचान करने हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आवास निर्माण के प्रगति एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में आवास हेतु स्वीकृत विशेष परियोजना के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत विभिन्न जिलों में आदि कर्मयोगी अभियान, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन), छात्रवृत्ति स्वी—ति एवं वितरण, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के कार्यों के प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली।



**लंबित जनसुनवाई के संबंध में भी जानकारी ली**

बैठक में उन्होंने खनिज संसाधन विभाग के कार्यों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय नियम, 2025) का क्रियान्वयन तथा अधिक से अधिक रेत घाटों की नीलामी की कार्यवाही एवं नीलामी के माध्यम से मुख्य खनिजों के खनिपट्टों की स्वीकृति हेतु लंबित जनसुनवाई के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्य सचिव विकासशील ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इन सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश भी दिए। संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के अलावा पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सूनसान जगह में महिला अचेत हालत में मिली, इलाज जारी



बालोद। मातर मनाने अपने मायके आई महिला संदिग्ध हालत में गांव के बाहर सूने स्थान में मिली। जिसके बाद गांव वालो ने जब महिला को मृत मानकर उसके पास गए तो महिला जीवित अवस्था में थी। जिसे ग्रामीणो ने बिना देरी करे ई रिक्शा के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम उमरादाह का है। जहां 36 वर्षीय महिला अपने ससुराल से मातर देखने अपने मायके ग्राम उमरादाह आई हुई थी। जो मातर देखने के बाद वापस घर नही आई जिसकी जानकारी के बाद जब सुबह परिजनो द्वारा आस पास खोजबीन की गई। इसी दौरान महिला को अचेत अवस्था में गांव के बाहर सूने स्थान में देखा गया। जिसके बाद उक्त स्थान में ग्रामीणो की भीड़ जुट गई तथा सभी महिला को मृत मानने लगे लेकिन महिला को छूने पर महिला के शरीर में हलचल होने पर ग्रामीणो ने बिना देरी करे महिला को ई रिक्शा के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला का ईलाज जारी है।

## जूनियर ओपन नेशनल फुटबॉल कैंप में प्राची व वंदिता का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



आदिवासी बाहुल्य विकासखण्ड दल्लीराजहरा की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ब्लॉक के छोटे से ग्राम चिखली की दो बालिकाओं प्राची पोर्ते और वंदिता का चयन जूनियर ओपन नेशनल फुटबॉल कैंप के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके गांव बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है।

दल्लीराजहरा से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित चिखली गांव आज खेल प्रतिभा की नई पहचान बन गया है। यह वही गांव है जहां के बच्चे सीमित संसाधनों के बावजूद अपने जुनून और लगन से राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय कर रहे हैं। हाल ही में रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में चिखली के यमित और साधना ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व किया था।

रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब, चिखली के सचिव एवं कोच चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि प्राची पोर्ते और ▶▶शेष पेज 11 पर

## सहकारी कर्मचारी महासंघ का एक दिवसीय धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रदेश मे 15 नवंबर से हो रही धान खरीदी से पहले छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने आगामी खरीदी सीजन का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। शुक्रवार को महासंघ ने नया बस स्टैंड बालोद में एक दिवसीय धरना देकर शहर में रैली निकाली और मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री व वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

महासंघ ने कहा है कि उनकी चार सूत्रीय मांगों पर सरकार ने तत्काल निर्णय नहीं लिया तो 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हडताल शुरू की जाएगी। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ ने सयुक्त रूप से राज्य सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। जिसके तहत संघ द्वारा 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों में रैली और ज्ञापन सौपा गया। 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर महाहुंकार रैली निकाली जाएगी। 3 से 11 नवंबर तक संभागीय स्तर पर क्रमिक आंदोलन किया जाएगा। 12 नवंबर को चार सूत्रीय मागों की पूर्ति नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हडताल किया जाएगा।

महासंघ ने साफ कहा है कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी मांगें नहीं मानी तो इस बार धान खरीदी पूरी तरह ठप रहेगी। महासंघ के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र देशमुख ने बताया कि कर्मचारियों की चार सूत्रीय मागें खाद्य विभाग और सहकारिता विभाग से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी धान खरीदी से पहले आदोलन हुआ था। तब शासन ने मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। यही वजह है कि कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है।

संघ के नेताओं ने कहा कि प्रदेश के करीब 15,000 सहकारी समिति कर्मचारी और 27,000 से अधिक उपार्जन केंद्रों के संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर इस आंदोलन से जुड़े हैं।



**रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

दुर्ग शहर का सर्वप्रथम डिजिटल स्क्रीन क्लासेस
DRONACHARYA IAS ACADEMY
द्रोणाचार्य IAS अकादमी
New Batch प्रारंभ
TIME : 8.00 AM to 10:00 AM
5:00 PM to 7:00 PM
CGPSC PRE/MAINS व्यापम



DIRECTOR-GIRISH HARMUKH
8269417977
Our Speciality
★ Offline/ Live Online Classes Available
★ Class Notes+Topic Wise Test Series
★ Recorded Video Lecture Available
★ 1 to 1 Doubt Clear Session
पता : महाराजा चौक, बोरसी रोड, एक्सिस बैंक के पास, दुर्ग (छ.ग.)

**खेतों में पड़ा धान भीगा, कटाई ठप्प**

# बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

- मौसम विभाग ने जताई अगले 48 घंटों में हल्की बारिश की संभावना
- धान खरीदी से पहले मौसम की करवट ने बढ़ाई किसानों की परेशानी



शुक्रवार को शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार की शाम अचानक हुई बेमौसम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। आसमान में अचानक उमड़े बादलों के साथ तेज हवाओं और झमाझम बारिश ने ठंडक तो बढ़ा दी, लेकिन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें भी खींच दी हैं।

दीपावली के बाद से पूरे क्षेत्र में तेजी से धान की कटाई का काम चल रहा था। अधिकांश किसानों ने खेतों में कटे हुए धान को सुखाने के लिए रखा हुआ था, लेकिन अचानक हुई बारिश से यह धान भीग गया। कई खेतों में पानी भर गया, जिससे कटाई और मड़ाई दोनों प्रभावित हो गई हैं।

दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के किसान बोले "एक बारिश ने मेहनत पर पानी फेर दिया" ग्राम चिखली, साल्हे, सिघनवाही कोकान बोरगांव ठेमाबुजुर्ग चिखलाकसा अरमुरकसा पथराटोला कुसुमकसा डौडी और आसपास के गांवों के किसानों ने बताया कि यह बारिश उनकी मेहनत पर पानी फेरने जैसी है। हमने सोचा था कि दीपावली के बाद धान बेचकर कुछ राहत मिलेगी, लेकिन अब खेत में पड़ा धान खराब हो सकता है।

**खरीदी प्रारंभ होने से पहले बिगड़ा मौसम, किसान परेसान-** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ की जानी है। ऐसे में किसानों ने खेतों से फसल निकालने की तैयारी तेज कर दी थी, लेकिन मौसम की इस करवट ने सारे समीकरण बिगाड़ दिए। यदि आने वाले दिनों में धूप नहीं निकली, तो कई क्विंटल धान का गुणवत्ता पर असर पड़ेगा।

**मौसम विभाग की चेतावनी आने वाले दो दिन हल्की बारिश की संभावना-** मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों के भीतर हल्की वर्षा की संभावना जताई है। इस कारण किसानों की बेचैनी और बढ़ गई है। खेतों में पानी भर जाने और धान गीला होने से कई जगह कटाई पूरी तरह ठप हो गई है।

भले ही बेमौसम बारिश ने चिंता बढ़ा दी हो, लेकिन किसान उम्मीद नहीं छोड़ रहे हैं। धूप निकलते ही फिर से कटाई-मड़ाई शुरू करने की तैयारी में जुट गए हैं। धरती पुत्र एक बार फिर मौसम की मार झेलकर भी अपनी मेहनत से स्वर्ण धान को अनाज के रूप में बदलने के लिए तत्पर है।

खबर संक्षेप



## माता लक्ष्मी की प्रतिमा का किया विसर्जन

**दुर्ग।** मां वैभव लक्ष्मी समिति ग्राम कोटनी में धूमधाम से माता लक्ष्मी की प्रतिमा को पांच दिवसीय दिपावली में धनतेरस के दिन में स्थापित की गई थी। शुक्रवार को माता लक्ष्मी जी की प्रतिमा को विसर्जन किया गया। माता को हर्ष उल्लास के साथ गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माता लक्ष्मी की प्रतिमा को गांव में सेवा गीत गाकर गाजे बाजे के साथभ्रमण कर शिवनाथ नदी में विसर्जित किया गया।

## इस्कान प्रचार केंद्र में गोवर्धन पूजा का आयोजन



**दुर्ग।** इस्कॉन प्रचार केंद्र दुर्ग में धूमधाम के साथ श्री गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही हरिनाम संकीर्तन, कथा, अभिषेक, दीपदान, 56 भोग अर्पण, महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस्कॉन दुर्ग के प्रभारी अनंत श्याम दास प्रभु द्वारा श्री गोवर्धन पूजा एवं कार्तिक मास के महत्व पर कथा की गई। समस्त शहरवासियों को दीपावली और श्री गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी।

## सेमरिया में दीपावली का पर्व उत्साह से मनाया



**दुर्ग।** बोरी तहसील के अंतर्गत ग्राम सेमरिया में दीपावली पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। गांव में घरों को प्राकृतिक रंगों व दीये की रौशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया। लोग अपने घरो में देवी लक्ष्मी तथा बुद्धि के देवता गणेश जी की पूजा अर्चना कर घर परिवार एवं गांव में सुख-शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना कर लक्ष्मी पूजा किया। मुख्य कार्यक्रम भगवान शंकर व माता पार्वती रूप में गौरा-गौरी की बारात निकालने व करसा परघाने से शुरू हुआ। गाँव के मध्य में चबूतरा में गौरा-गौरी स्थापना कर महिला तथा पुरुष पूजा-अर्चना कर गाँव में सुख, शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सुबह रामधुनी गाते हुए गांव के दर्री तालाब में गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। जिसमे महिलाएं एवं ग्रामीणजन शामिल हुए पश्चात लोग अपने अपने घरों में पशुधन के साथ गोवर्धन पूजा किया। इस अवसर पर गाँव के समाजसेवी प्रकाश मानिकपुरी, सुशीला मानिकपुरी, निसु उमरे, मन्नू उमरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दुर्घटनाओं की जांच में लेटलतीफी ठेका मजदूरों पर भारी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



घटनाओं की जांच में लेटलतीफी ठेका मजदूरों पर भारी पड़ रही है। विलंब से श्रमिक को दुर्घटना बाद मिलने वाले लाभ में देरी हो रही है। इस मामले में सीटू ने जांच प्रक्रिया में तेजी लाने प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। यूनियन ने मुख्य महाप्रबंधक से विभागीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा दुर्घटनाओं की जांच में जल्द कराने की मांग की है।

सीटू के मुताबिक पिछले 2 साल में रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में जो भी कार्यस्थल दुर्घटनाएं हुई है उन सभी दुर्घटनाओं के बाद विभागीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिस तेजी के साथ जांच की जानी चाहिए थी उसमें लगातार देरी हुई है। इसके परिणाम स्वरुप जहाँ ठेका श्रमिक को दुर्घटना बाद मिलने वाले लाभ में बहुत देरी हुई और स्थाई कर्मियों के कार्यस्थल दुर्घटना के बाद इंज्यूरी लीव देने के लिए दुर्घटना रिपोर्ट बनाने एवं उसके बाद निकाले जाने वाले ऑर्डर को समय पर नहीं निकाला जा सका। इस कारण कर्मियों को कार्यस्थल दुर्घटना के बाद हुए अनफिट अवधि में विभागीय सुरक्षा अधिकारी के कहने पर अपनी स्वयं की छुट्टियां भरनी पड़ी। इसे एक साल बीत जाने के बाद भी वापस नहीं किया जा सका है। इस मामले को लेकर सीटू की टीम मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग से मुलाकात की। चर्चा के बाद मुख्य महाप्रबंधक ने पूरे मामलों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि जल्द उचित कदम उठाएंगे।इंज्यूरी लीव ऑर्डर नही निकालने में अव्वल है रेल मिल ।सीटू के पास लगातार इस बात की शिकायत आ रही थी कि कार्य के दौरान दुर्घटना यानी इंज्यूरी ऑन वर्क के मामले में भी कर्मी को अपनी छुट्टियां भरनी होती है बाद में जांच के बाद छुट्टियां वापस होने की बात कही जा रही है।

## समय पर इंज्यूरी लीव ऑर्डर नहीं निकालने से लाभ से वंचित

### सीटू ने की पड़ताल

सीटू द्वारा इन मामलों की जांच करने पर पता चला कि रेल मिल में कार्य के दौरान होने वाले दुर्घटनाओं में इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जा रही है कार्यस्थल में हुई दुर्घटनाओं का इंज्यूरी लीव ऑर्डर नहीं निकाला जा रहा है। ऐसा करने में रेल मिल का सुरक्षा विभाग पूरे संयंत्र में अव्वल नंबर पर है। ईडी वर्क्स एवं सीजीएम तो सुरक्षा का संदेश लेकिन कुछ डीएसओ मनमानी कर रहे हैं। इसका खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है।

### इन दुर्घटनाओं में हुआ विलंब


सीटू ने बताया कि उच्च अधिकारियों का संदेश स्पष्ट है कि कार्यस्थल को इस तरह से बनाया जाए कि कोई दुर्घटना ही ना हो। दुर्घटनाओं की सारी संभावनाओं को धीरे-धीरे समाप्त कर दिया जाए । इसके बाद भी यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसे संजीदगी से लेते हुए जांच करना, दुर्घटनाओं के कारणों को पता लगाने के साथ हताहत हुए कर्मी को हर संभव मदद करना जरूरी है। लेकिन दुर्घटना हो जाने के बाद लंबे समय तक जांच नहीं करना इंज्यूरी लीव आर्डर नहीं निकलना एवं मनमानी तरीके से अपनी छुट्टी भर देने का संदेश देना कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए कर्मी को ही मानसिक पीड़ा देना है ।जिससे डीएसओ को बचाना चाहिए। सभी मामलों में सकारात्मक कदम उठाने का मिला आश्वासन चर्चा के दौरान सीटू ने 2024 एवं 2025 में हुए छह मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश किया जिसमें रेल मिल के अंदर हुए राम स्नेही गुप्ता, कृष्ण राव, मनोरंजन श्रीवास्तव, रमेश दास खड़गा, जीके वर्मा एवं आर एम पी 2 में हुए द्वारिका प्रसाद के मामले प्रमुख थे। इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य महाप्रबंधक ने उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

### हॉस्पिटल इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम का हो रहा प्रयास

# अब जेएलएन अस्पताल के सभी दवाई काउंटर हुए ऑनलाइन और ऑफलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

## मरीजों को मिलेगी राहत, सीटू ने प्रबंधन से की थी मांग





बीएसपी जेएलएन अस्पातल सेक्टर नौ में अब ओपीडी में मरीजों को दवाई लिखाने लंबी लाइन नहीं लगाना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा ओपीडी में डाक्टरों द्वारा मरीजों को मेडिसीन लिखने के लिए सभी दवा काउंटरों में आंनलाइन व्यवस्था शुरु कर दी गई है। इससे कर्मियों को बड़ी राहत मिलेगी।

सेक्टर 9 अस्पताल अलग-अलग ओपीडी में डाक्टरों द्वारा मरीजों को ऑनलाइन दवा लिखने की व्यवस्था शुरू कर की गई है। इसका विस्तार भी किया जा रहा है लेकिन फार्मेसी में ऑनलाइन दवा वितरित करने का एक काउंटर था जिसे बढ़ा कर चार किया गया था । चार काउंटर ऑफलाइन दवाई वितरित कर रहे थे । मरीज अलग-अलग ओ पी डी में डाक्टर को दिखाने पर एक डाक्टर ऑनलाइन दवा लिखने और दूसरे डाक्टर ऑफलाइन स्लिप में दवा लिखने पर मरीज को अलग-अलग काउंटर में घंटों लाइन लगाना पड़ता है।

मरीजों की इस परेशानी को देखते हुए सीटू ने अस्पताल प्रबंधन से मांग किया था कि अस्पताल में हॉस्पिटल इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम को पूरी तरह से स्थापित करते तक सभी काउंटरों से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दवाइयां के वितरण की व्यवस्था किया जाए। इस पर प्रबंधन ने संज्ञान में लेकर सभी काउंटरों में ऑनलाइन ऑफलाइन दवाई वितरण की व्यवस्था को शुरू कर दिया है । इससे कर्मियों की समस्या कम होने लगी है। सीटू ने कहा है कि अस्पताल प्रबंधन के इस कदम से कर्मचारियों को राहत मिलेगी ।

### सॉफ्टवेयर के साथ उच्च सर्वर जरूरी

एचआईएमएस (हॉस्पिटल इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम) अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली है यह एक व्यापक सॉफ्टवेयर समाधान है। इसका उपयोग स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं द्वारा उसके संचालन की विभिन्न पहलुओं को प्रबंध करने के लिए किया जाता है जिसमें रोगी रिकॉर्ड, अपॉइंटमेंट, बिलिंग और इन्वेंट्री शामिल है इस सिस्टम के पूरी तरह से लागू होने पर अस्पताल में पूरी व्यवस्था ऑनलाइन हो जाएगा। इस सिस्टम के द्वारा अस्पताल की विभिन्न विभागों और कार्यों को एक डिजिटल प्लेटफार्म में एकीकृत किया जा सकेगा। इससे अस्पताल के कार्य प्रवाह को डिजिटल और सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ अस्पताल के भीतर दक्षता, सटीकता और संचार में व्यापक सुधार होगा। इसके लिए व्यापक सॉफ्टवेयर के साथ उच्च क्षमता वाले सर्वर का होना आवश्यकता है।

### सीटू ने दिया था 14 अगस्त को पत्र

भिलाई इस्पात संयंत्र अस्पताल में तेजी से हो रहे ऑनलाइन सिस्टम के मद्देनजर उभर के आ रही खामियों को दूर करने के लिए सीटू ने 14 अगस्त को कार्यपालक निदेशक को पत्र लिखकर कहा था कि सी एंड आई टी विभाग से बात करके सेक्टर 9 अस्पताल में ऑनलाइन दवा वितरण एवं एंट्री सिस्टम से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण किया जाए जिससे मरीजों और अस्पताल में कार्यरत फार्मेसी कर्मचारियों की परेशानी दूर हो सके ।

### ऐसे लिखी जाती हैं ऑनलाइन दवाइयां

हर मरीज के नाम से एक सीआरएन नंबर बनाया जाता है जिसे ओपीडी बुक के सामने के पन्ने में दर्ज कर दिया जाता है। इसे खोलकर डॉक्टर मरीज को किया जाने वाला इलाज और दवाईयों को एंट्री करते हैं फार्मेसी काउंटर में फार्मासिस्ट कंप्यूटर में सी आर एन नंबर खोल कर दवाइयां वितरित करते हैं। सीटू ने बताया कि अभी लगभग सभी ओपीडी में ऑनलाइन दवाइयां लिखी जा रही है और वार्ड में ऑनलाइन सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। कभी-कभी ऑनलाइन सिस्टम गड़बड़ होने पर ऑफलाइन पर्ची पर दवाई लिखकर दे दिया जाता है।

# मातर महोत्सव में शामिल हुए ग्रामीण विधायक ललित



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

तिरगा सिलोदा में मातर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मातर पर यादव समाज के लोग अपने घरों से काछन निकले फिर दइहान पहुंचकर खोड़हर देव की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अखाड़ा कला के माध्यम अपने शौर्य का प्रदर्शन करने के साथ दांड़ खेलाकर गौधन को सोहई बांधे अंत में प्रसादी के रूप में लोगों को खीर व दूध का वितरण किया गया। साथ ही 8वी, 10वी, 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गणमान्य लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य नंदू साहू, जिला मंत्री गिरेश साहू पूर्व केंदीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जनपद सदस्य दामिनी साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, सरपंच धसिया राम, मुकेश बेलचंदन भूपेन्द्र बेलचंदन, उपाध्यक्ष नंदू निर्मलकर, सुरेन्द्र बेलचंदन सुखदेव देवांगन, नारायण साहू, चमन यादव, स्वेता राजपूत, बुधराम यादव, गणेश यादव, प्रकाश निषाद, जीवन लाल यादव सहित समिति के सदस्य व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का किया सम्मान

## राज्योत्सव : कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपा दायित्व

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में जिला मुख्यालय दुर्ग में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पुराना गंज मंडी गंजपारा परिसर दुर्ग में किया जा रहा है। राज्योत्सव के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्य कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। उपयुक्त समिति में जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबेए अपर कलेक्टर योगिता देवांगन एवं वीरेंद्र सिंह शामिल है।

## नियर मिस रिपोर्टिंग योजना, कर्मी सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रेक्ट्री अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नियर मिस रिपोर्टिंग करने वाले संविदा कर्मियों को सम्मानित किया गया। सितंबर माह के लिए सेल रिफ्रेक्टरी यूनिट के राहुल बुर्हाटे और मेसर्स बसंत ब्रदर्स की मीना बाई को उत्कृष्ट नियर मिस रिपोर्टिंग के लिए मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रेक्ट्री अभियांत्रिकी विभाग) प्रोसेनजीत दास द्वारा पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान कर्मियों को उनके सतर्कता, जिम्मेदारी और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए प्रदान किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र की एथिकल स्टील की अवधारणा चार मजबूत स्तंभों पर आधारित है सुरक्षा, स्वच्छता, तकनीकी अनुशासन और प्रसन्नता। "प्रसन्नता" केवल नियमित कर्मचारियों की खुशी तक सीमित नहीं है, बल्कि उन संविदा श्रमिकों की भी प्रसन्नता से जुड़ी है ।

## टीए बिल्डिंग परिसर में स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत टीए बिल्डिंग परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी कार्मिकों ने एकजुट होकर श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में स्वच्छता को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जन स्वास्थ्य विभाग के अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान एसएलआरएम सेंटर, नेवई द्वारा कचरे से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले ऑर्गेनिक खाद का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

## कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में



नगरीय निकाय और जनपद पंचायत के अधिकारियों की बैठक में छठ पर्व की तैयारी, पीएम आवास के लिए राशि आवंटन और राज्योत्सव के तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी नगरीय निकायों में तालाबों की साफ-सफाई करने और छठ घाट पर प्रकाश आदि की समुचित प्रबंध करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि छठ पर्व पर स्नान स्थल में सुरक्षा का भी पुख्ता प्रबंध किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत मैपिंग कर एफटीओ राशि 31 अक्टूबर तक जारी हो जाए। बैठक में राज्योत्सव के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस हेतु अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व समय पर पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

# संयंत्र के अंदर अधिक लंबे ट्रक व ओवर लोड पर रोक की दरकार, दुर्घटना का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने ओवरस्पीड पर लगने वाले फाइन को बंद करने और संयंत्र के अंदर अधिक लंबे ट्रक और ओवर लोड पर रोक लगाने की माँग किये-: भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा डी सतपती से मुलाक़ात कर संयंत्र कर्मचारी पर ओवर स्पीड के कारण लगने वाले जुर्माने को रोकने की मांग की।

यूनियन ने प्रबंधन से संयंत्र के अंदर ओवर स्पीड में चलने वाली ट्रकों पर फाइन लगाने की मांग किये। विनोद उपाध्याय ने बताया कि संयंत्र के बाहर ठेका श्रमिकों द्वारा गाड़ी खड़ी कर दूसरे साइड में आने पर दुर्घटना होने की आशंका रहती है उस पर सुधार की माँग किये वशिष्ठ वर्मा ने संयंत्र के भीतर चलने वाली ट्रको में सुरक्षा मानको का पालन करवाने को कहा हरी शंकर चतुर्वेदी ने संयंत्र के भीतर ओवर हाईट एवं अतिरिक्त लंबी ट्रको के परिवहन पर रोक लगाने की माँग किये प्रदीप पाल ने कहा कि संयंत्र के भीतर की रोड पुराने छोटी ट्रैकों के हिसाब से बनी हुई है उन पर अतिरिक्त लंबाई की ट्रकों का परिवहन सुरक्षित नही है। मेन गेट और बोरिया गेट में ट्रकों के ट्रैफिक जाम के शीघ्र समाधान की मांग की गई ।

### सूअरों से कर्मी हो रहे घायल

शारदा गुप्ता ने बताया कि संयंत्र के अंदर भारी तादाद में सूअर बढ़ते जा रहे हैं । सूअर व गाय आदि से मेंन गेट में कर्मचारी टकराकर घायल हो रहे हैं ।इस पर अंकुश लगाया जाने क जरुरत है। बैठक में आईपी मिश्रा, वशिष्ठ वर्मा शारदा गुप्ता प्रदीप पाल मृगेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## सफाई व स्वच्छता व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# छठ पूजा : निगम की टीम सक्रिय, तालाबों में हो रही व्यापक सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर शहर के प्रमुख तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद साजन जोसेफ, मनोज सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, मीना सिंह, विजय जलकारे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग अमला उपस्थित रहे।

■ तालाबों में जमा कचरा, जलकुंभी हटाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने शीतला तालाब वार्ड 59 पुजारी तालाब, वार्ड 21 रेवा तालाब, वार्ड 23 बोरसी तालाब, वार्ड 51 एवं शतरूपा शीतला तालाब, वार्ड 29 का दौरा कर वहां चल रहे सफाई कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों के भीतर जमा कचरा, जलकुंभी, प्लास्टिक और गंदगी को पूरी तरह से हटाया जाए तथा आसपास की जगहों की भी सफाई और समतलीकरण किया जाए।



### महापौर व आयुक्त ने की अपील शहरवासी सहयोग करें, स्वच्छ और सुंदर दुर्ग बनाएं

महापौर ने कहा कि छठ पर्व एक आस्था और स्वच्छता से जुड़ा महापर्व है, जिसमें श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए तालाबों में पहुंचते हैं। ऐसे में निगम का दायित्व है कि वे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तालाबों के किनारों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अस्थायी चेंजिंग रूम तथा सुरक्षा इंतजाम भी समय पर पूरे किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा छठ पर्व सिर्फ पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को हर सुविधा मिले और तालाबों की सुंदरता भी बनी रहे। स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि सफाई दल लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक तालाब क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की गंदगी या जलजमाव की स्थिति न बने। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहरवासियों से अपील की छठ पूजा के दौरान तालाबों में प्लास्टिक या पूजा सामग्री न डालें। साफ-सफाई बनाए रखें और निगम के प्रयासों में सहयोग दें, ताकि शहर स्वच्छ, सुंदर और धार्मिक सौहार्द का उदाहरण बन सके।

## हर्षोल्लास से मना गौरा-गौरी पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭उतई

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परंपरा के अनुरूप नगर पंचायत उतई में गौरा-गौरी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति द्वारा तीन दिनों तक भगवान शिव , माता पार्वती व लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना पश्चात बाजे-गाजे के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं मधुर पारंपरिक गीत गाकर ईशर गवरा और देवी देवताओं को जय कारे लगते हुए चलते रहे। कन्या नेहा यादव व करण ठाकुर प्रमोद ठाकुर ने अपने सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में अपनी सहभागिता निभाई। पर्व को लेकर नवयुवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान पूर्व पार्षद राकेश साहू ने शोभायात्रा में शामिल होकर उपस्थित लोगों को दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

## घर से लापता युवक की लाश तालाब में मिली

**भिलाई।** घर से दो दिनों से लापता युवक की लाश तालाब में तैरती मिली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। दुर्ग पुलिस ने बताया कि दुर्ग स्थित चंडी तालाब में शिवम यादव नामक युवक की लाश मिल। युवक पुताई का काम करता था। मृतक के परिवार में तीन लोग रहते थे। शिवम ही परिवार का पालन पोषण करता था। बताया जा रहा है कि शिवम पाटन में मरनी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तालाब में युवक किस कारण कूद गया इसकी जानकारी पुलिस को अभी नहीं मिल पाई है। जांच के बाद ही मौत का असली वजह सामने आ पाएगा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## कोड़िया में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आज

**उतई।** युवा भारत दुर्ग, छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में आदर्श ग्राम कोड़यिा (हनोदा) विकासखंड व जिला दुर्ग में 26 अक्टूबर रविवार को विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें दुर्ग विकासखंड के अंतर्गत सभी ग्राम के 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतिभागी/टीम को आमंत्रित किया गया है। शौर्य युवा संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने बताया ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण व ओबीसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, साथ ही माय भारत छत्तीसगढ़ राज्य उपनिदेशक नितिन शर्मा, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच खुमान निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता में 5 प्रकार के खेल को शामिल किया गया है जिसमें बालक वर्ग के लिए गोला फेंक व कबड्डी, बालिका वर्ग के लिए तवा फेंक व रस्साकसी एवं दोनों वर्ग के लिए 100 मीटर दौड़ खेल शामिल है।

पेज 9 का शेष...

## जूनियर ओपन...

वंदिता दोनों अत्यंत प्रतिभाशाली और अनुशासित खिलाड़ी हैं। वर्तमान में वे खेल अकादमी रायपुर में अध्ययन कर रही हैं, जहां पर उन्हें एन.आई.एस. कोच सरिता कुजुर से उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। प्राची पोर्ते अब तक चार राज्य स्तरीय और दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। वहीं वंदिता ने भी लगातार मेहनत और समर्पण से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। दोनों बालिकाएं किसान परिवार से हैं और अपने संघर्ष, अनुशासन व खेल के प्रति निष्ठा से अन्य ग्रामीण बालिकाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई हैं। बच्चियों के चयन पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। जिला खेल अधिकारी बालोद किशोर मेहरा, सपन जेना, प्राचार्य विनिता सैनी, सरपंच रम्हऊ राम, राष्ट्रपाल पंच, मंजुला यदु, संजय ठाकुर, रोजर हसीन तिर्की, जे.आर. साहू, ईश्वर लाल बघेल, टामिन साहू समेत अनेक ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इन बेटियों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि हौसले बुलंद हों तो संसाधनों की कमी कभी बाधा नहीं बनती।

### कार्यक्रम : 250 बेटियों ने रंगोली, नृत्य, और लोकसंगीत में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

# मातर उत्सव को छग रजत महोत्सव के रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलँगपुर में नवचेतना फाउंडेशन नई दिशा नई सोच के तत्वाधान एवम समस्त ग्रामवासियों, दानदाताओं व यादव समाज के सहयोग से विगत 8 वर्षों की भांति इस वर्ष भी मातर उत्सव को अनोखी अंदाज में धूमधाम से मनाया गया। बेटियों को समर्पित मातर उत्सव को 25 वां छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में रंगोली चित्रकला के माध्यम से मनाया गया।

ग्राम कलँगपुर में मातर उत्सव को विगत 2017 से प्रतिवर्ष एक अलग ही अंदाज में मनाया जाता है। जिसमें ग्रामीण बेटियों के प्रतिभा को प्रेरित करने, बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच रखने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देने, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम के संदेश देने, गौठान में प्रज्वलित दीपक की रोशनी से गांव में खुशहाली की कामना करने, जैसे विभिन्न संदेश व उद्देश्य के साथ मातर उत्सव को अनोखी अंदाज में धूमधाम से मनाया जाता है।'

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में इस बार गांव की 250 बेटियों ने गौठान में एक साथ रंगोली के प्रतीकात्मक चित्र के चारों तरफ छत्तीसगढ़ की विधा व संस्कृति के अनुरूप सुवा, कर्मा, ददरिया, पंथी, पंडवानी, राउत नाच गीत संगीत में भाग लेकर अपनी प्रतिभा व उत्साह की प्रस्तुति दी। इसमें आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली 3 वर्ष की बेटियों से लेकर कॉलेज में अध्ययनरत 250 बेटियों ने भाग लिया। एक साथ गौठान में बेटियों की प्रस्तुति पर हजारों के संख्या में उपस्थित दर्शक झूम उठे। पूरे मातर उत्सव की सिरमौर बेटियां ही रही। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी दिलीप जैन काजल जैन, समाजसेवी जशवंत सिन्हा निवासी चीचा, सतीश साहू, प्रतापचंद जैन, समाजसेवी किशन गजेंद्र निवासी रायपुर, सरपँच पुष्पा गोविन्द सिन्हा, कीर्ति साहू, बिसन बाई मारकंडे,जितेंद्र जैन, अध्यक्ष विकास जैन एवम नवचेतना फाउंडेशन नई दिशा नई सोच के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगणों ने एक साथ गौठान में 1000 दीपक प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी जसवंत सिन्हा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए आयोजन हेतु 11001 रु प्रदान करने की घोषणा के साथ आगामी वर्ष कार्यकर्ता के रूप में शामिल रहने की बात कही।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर रायपुर से पहुंचे समाजसेवी किशन गजेंद्र जो कि शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा प्रदान करते है उन्होंने हाई स्कूल कलँगपुर में अध्यनरत कक्षा नवमीं से कक्षा बारहवीं तक कि विद्यार्थियों को मेरिट श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर प्रतिवर्ष छात्र व छात्रओं को 1000 रु प्रदान करने की बात कही। साथ ही हाई स्कूल कलँगपुर में अध्यनरत कक्षा नवमी से बारहवीं तक दो –दो विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष गोद लेने की बात कहते हुए आयोजन हेतु 5001 रु नगद प्रदान किया। कार्यक्रम का आभार आयोजक समिति के अध्यक्ष विकास जैन ने किया और कार्यक्रम की समापन की घोषणा समिति के संचालक गोविन्द सिन्हा ने किया।

नवचेतना फाउंडेशन नई दिशा नई सोच के तत्वाधान में आयोजित मातर उत्सव की संरक्षक व सरपँच पुष्पा सिन्हा एवम अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि देश प्रदेश के वर्तमान परिवेश के अनुसार प्रतिवर्ष अलग अलग थीम पर रंगोली चित्रकला के माध्यम से लोगों को जागरूकता का संदेश देने व बेटियों के प्रतिभा को मंच प्रदान करने का प्रयास रहता है। जैसे विगत 8 वर्षों में पिछले वर्ष छ.ग. शासन के महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का प्रतीकात्मक चित्र, गोधन न्याय योजना का प्रतीकात्मक चित्र, 75 वीं आजादी की अमृत महोत्सव का प्रतीकात्मक चित्र, कोरोना का भयावह प्रतीकात्मक चित्र, दीप प्रज्वलन जैसे विभिन्न थीम पर मातर का पर्व मनाते है। गौठान पर प्रतीकात्मक व संदेशात्मक रंगोली को बनाने में गांव की बेटी कु. मोनिका साहू, कु.मनीषा साहू व उनके पिता जी हरिलाल साहू प्रतिवर्ष बहुत मेहनत करते हुए मूर्तरूप प्रदान करते है। यह पूरा आयोजन बेटियों को समर्पित रहता है।'

'विदित हो कि पूर्व सरपंच व आयोजक समिति के संचालक गोविन्द सिन्हा एवम सरपँच पुष्पा सिन्हा ने विगत 8 वर्षों से मातर उत्सव को नए कलेवर के साथ मनाने का सफलता पूर्वक प्रयास किया है। बेटियों के प्रतिभा व उत्साह के लिए समर्पित सरपँच पुष्पा सिन्हा व पूर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा ने गौठान में बेटियों को छ.ग. संस्कृति पर आधारित नृत्य के साथ दो वर्ष पूर्व पुरानी पररम्परा को नया रूप देते हुए विजयादशमी पर बेटियों के सम्मान में एवमं उनकी प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से विजयादशमी में रामलीला का मंचन बेटियों द्वारा सर्वप्रथम करवाकर ऐतिहासिक शुरुवात की गई जो कि आज गांव की परपंरा बन चुकी है। इस वर्ष भी बेटियों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया।'







### कार्यक्रम में इनका रहा सराहनीय योगदान

कार्यक्रम को आयोजित करने व सफल बनाने में दानदाताओं,संग के संगवारी ग्रुप व ग्रामवासियों के साथ प्रमुख रूप से संरक्षक काजल जैन, उपाध्यक्ष लीलाधर सिन्हा, खेमचंद जैन, दुष्यन्त साहू, डिलेश्वर मारकंडे, लोकमान्य सिन्हा, सचिव प्रमोद सिन्हा, युवराज देवांगन, कोषाध्यक्ष केसराम साहू, जीतू साहू, प्रेमू साहू, रेखलाल मारकंडे, भुपेन्द्र सिन्हा, डिलेश्वर साहू, सुमन कुल्हारे, अर्जुन सिन्हा, केवल यादव, मिलन सिन्हा, रामाधीन साहू, खोमेंद्र सिन्हा, लिखन पारधी, रामकुमार मारकंडे, चंद्रेश जैन, गांधी साहू, तोषकुमार हल्बा, लखन साहू, दिनेश सिन्हा, जोहन साहू, रमेश कुल्हारे, धनीराम देवांगन, सुखदेव देवांगन, दिव्यांश सिन्हा, गुलशन हिरवानी, डोंगरमल जैन, वेदप्रकाश साहू, रूद्रकुमार सिन्हा, योगेश्वर मंडावी, गजाधर ठाकुर, परमेश्वर पारधी, रामनारायण सिन्हा, भागवत साहू, लेखु साहू, टिकेशर सिन्हा, जितेन्द्र दाऊ, खिलावन सिन्हा, रामकृष्ण सिन्हा, यादव, सोमन सिन्हा, भोलाराम ठाकुर, बसंत ठाकुर, पारधी, विजय पारधी, बृजलाल सिन्हा, राजेन्द्र जैन, मोहन चंद्रवंशी, देवानंद सिन्हा, एसकुमार साहू का योगदान रहा।

# बढ़भूम में दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

गुरुर ब्लॉक के ग्राम बढ़भूम मे अधिकारी कर्मचारी समिति नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्राम वासी के द्वारा दीपावली पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रथम दिन लक्ष्मी पूजा उपरांत गौरा गौरी की स्थापना की गया। ग्राम के बच्चे युवाओं के द्वारा आकर्षक आतिशबाजी किया गया। दूसरे दिन साहढ़ा देव मे पूजा अर्चना कर खिचड़ी का भोग कराया गया तत्पश्चात सभी घरों मे गौ माता की पूजा कर खिचड़ी खिलाया गया गोधेली बेला मे गोवर्धन पूजा का रस्म किया गया।

- साहढ़ा देव में पूजा-अर्चना और खिचड़ी भोग से गांव में खुशहाली का संदेश

रात्रि मे कर्मचारी समिति नवयुवक मंडल के तत्वाधान मे रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता वृधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नवयुवक मंडल के द्वारा ग्राम के समस्त कर्मचारीयों काआदिवासी समाज के सम्मान के प्रतीक पीला पटका श्री फल के साथ सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप मे ग्राम के दूरजू राम तारम एवं जलकुवर सलाम थे। अध्यक्षता अधिकारी कर्मचारी समिति के अध्यक्ष एचके कुंजाम ने किया। विशेष अथिति ग्रामीण अध्यक्ष एवं सेवानिवृत लेखापाल साधुराम कुरैटी, सेवानिवृत आरआई सखाराम कुरैटी, प्रधानपाठक हरक मंडावी, रेलवे विभाग मनोज कुरैटी, डाक विभाग भाव सिह जुरएँ, हेडकांस्टेबल संतोष कुंजाम, रामेश्वर तारम, डॉ किरण सोरी, परमेश्वर कुरैटी, डोमेन्द्र कुरैटी, भिरेंद्र गोटी, चंद्रप्रकाश कुरैटी उपस्थित थे। नवयुवक मण्डल से अध्यक्ष रिमेन्द्र कुंजाम, उपाध्यक्ष तरुण मंडावी, पिंटू कुंजाम, सचिव रामनारायण उइके, कोषाध्यक्ष दुस्यंत उइके, सरक्षंक रामाधार कुंजाम, शिवम कुरैटी, जैल सिंह उइके, रोशन मंडावी, तुषान्त ठाकुर, फनेश्वर गोटी सहित युवा साथी एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।



# शिव-पार्वती के विवाह में बाराती बने ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ननकट्ठी

दीपों की रोशनी और गाड़ा-बाजा की थाप से गूंज उठा ननकटठी गांव, जब गोंड़ समाज ने पारंपरिक आस्था और लोक संस्कृति के रंग में डूबकर गौरा-गौरी पर्व मनाया। दीपावली के उपरांत तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में हर उम्र के लोग शामिल रहे। किसी ने सुआ गीत गाया, किसी ने थिरकते कदमों से भक्ति का उत्सव रचा। गोंड़ पारा और धोबिया पारा स्थित गौरा-गौरी चौरा में भगवान शंकर और माता पार्वती की प्रतिमाएं विधिवत स्थापित की गईं। सोमवार की सुबह जैसे ही गाजे-बाजे की धुन बजी, महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजीं और पुरुषों ने गाड़ा-बाजा की थाप पर नृत्य किया। पूरा गांव मानो शिव-पार्वती के विवाह में बाराती बन निकल पड़े। छत्तीसगढ़ में गौरा-गौरी पर्व सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोक जीवन का जीवंत उत्सव है जहां परंपरा, प्रेम और एकता का संगम देखने को मिलता है। यह पर्व पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु पूरे हर्षोल्लास से माता गौरी की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। सोमवार को गौरा-गौरी की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। गीतों की गूंज, गाड़ा-बाजा की थाप और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबकी भावभंगिमा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की आत्मा झलक रही थी। गोंड़ समाज के लोगों ने बताया कि अन्य ग्रामों की अपेक्षा हमारे गांव में गौरा-गौरी उत्सव एक दिन पहले मनाया जाता है, क्योंकि हमारे पूर्वजों ने यह परंपरा आरंभ की थी। उसी संस्कृति और विरासत को हम आज भी आगे निभा रहे हैं। 'गौरा-गौरी के बिना दीपावली अधूरी है।

## मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज



**जामगांव आर।** दीपावली पर्व लड़ाई झगड़े में तब्दील हो गई और 21 अक्टूबर 2025 रात्रि साढ़े 8 का यह मामला थाना जामगांव आर 23 अक्टूबर 2025 प्राथमिक उपचार पश्चात पहुंची। पुलिस कार्यवाही जारी है। विदित हो जामगांव आर थाना अंतर्गत धमना में बहन के साथ अभद्रता को देख भाई अजय कुमार नेताम ने अभद्रता करने वालो को ठाकुरदेव मंच के पास समझाने गए। किंतु मामला तुल पकड़ लिया मारपीट होते देख छोटा भाई विजय नेताम और मां गीता नेताम भी बीच बचाव के लिए गए। उग्र लड़ाई के कारण दोनों भाई और मां काफी जख्मी हो गए। जिन्हें उपचार हेतु बठेना हॉस्पिटल धमतरी ले जाया गया। संभ्रांत नेताम परिवार के साथ घटित घटना को सरपंच लोकेश महिलवार ने दुर्भाग्य पूर्ण बताया और शासन प्रशासन से मांग किया कि लड़ाई झगड़े के जड़ में जो कारण दिखती है उसका पुख्ता हल निकाले। जामगांव आर पुलिस भारतीय न्याय संहिता 296,115(2) 351 (3) और 3 (5) के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम प्रक्रिया अनुरूप कार्यवाही करने में जुटी हुई है। जामगांव आर थाना प्रभारी फागु राम लहरें ने बताया कि प्रार्थी उनके भाई एवं मां को लगी चोट की चिकित्सीय रिपोर्ट आने पर अन्य आवश्यक धाराओं को जोड़कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। थानेदार ने कहा कि अशांति फैलाने वालों को किसी भी हालत में नहीं बख्शा जाएगा।

# डुड़िया में आयोजित किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/अर्जुन्दा

गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत अर्जुन्दा तहसील के ग्राम डुड़िया में कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ द्वारा ग्रामीण मंडई मेला महोत्सव के अवसर पर गांव के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए एक प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में गांव के प्रतिभावान बच्चों को उनके घर पहुंचकर तिलक लगाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम डुड़िया के कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रतिभावान बच्चों में गांव के प्रतिभावान युवा यशवंत कुमार टंडन पिता हूबलाल टंडन को उन्हें विशेष उपलब्धि पर्वतारोहण अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर गांव जिले सहित प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही समाजसेवा रक्तदान नेत्रदान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य लिए सम्मानित किया।

वहीं श्वेता देवांगन पिता रमेन्द्र देवांगन को खेल भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) में राज्य स्तरीय गोल्ड मेडल जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं रितेश कुमार देवांगन पिता कीर्तन लाल देवांगन को ग्राम से प्रथम अग्निवीर सैन्य सेवा के रूप में बेंगलोर में सेवा प्रदान करने पर सम्मनित किया गया। नीतीश कोसमा पिता देवेन्द्र कोसमा को नगर सेना में नवनियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का उद्दे"य गांव के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करना और उन्हें प्रोत्साहित करना। बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना। गांव में शिक्षा को बढ़ावा देना और बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना हैं।

इस अवसर पर ग्राम डुड़िया के कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आरएल बंजारे, युगल देवांगन, भास्कर ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, मनोहर साहू, सीएल ठाकुर, मनोज कोसमा, लोकेश ठाकुर, लखन चिराम, जितेंद्र ठाकुर, हेमरवि कोसमा, लेमन देवांगन एवं समस्त पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम इकाई के तत्वाधान में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई जिला बालोद के तत्वाधान मे विकास खण्ड गुण्डरदेही मे संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्र परीक्षण का कार्य 24 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया।

- मोतियाबिंद, कांच बिंदु, कार्निया, डायबेटिक और दृष्टिदोष के मरीजों की पहचान हुई

नेत्र सहायक अधिकारी गांव गांव जाकर नेत्र परीक्षण का कार्य कर रहे हैं। विकासखण्ड गुण्डरदेही के प्रत्येक गांव में स्वास्थ संयोजक एवं मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से संभावित मोतियाबिन्द मरीज, कांच बिन्दू, कार्निया, ओपेसिटी, डायबेटिक मरीज एवं दृष्टिदोश के मरीजो को शिविर तक लाकर नेत्र परीक्षण कर पुष्टिकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत 24 अक्टूबर को गुण्डरदेही सेक्टर के 28 ग्रामो का सर्वेक्षण नेत्र परीक्षण किया गया। 25 अक्टूबर को सिरसिदा सेक्टर मे 26 ग्रामो का सर्वेक्षण का नेत्र जांच किया गया। 28 अक्टूबर को माहुद बी सेक्टर के 24 ग्रामो में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा इसी तरह 29 अक्टूबर को अर्जुन्दा सेक्टर के 28 ग्रामो व 30 अक्टूबर को डुण्डेरा सेक्टर के 29 ग्रामो तथा 31 अक्टूबर को कलंगपुर सेक्टर के 27 ग्रामो के साथ 1 नवंबर को नगर पंचायत गुण्डरदेही एवं अर्जुन्दा मे नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां प्रत्येक वार्डो मे एक ही दिन 30 नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा नेत्र परीक्षण कार्य सघन रूप से किया जाएगा। जांच उपरांत पंजीकृत मोतिया बिन्द मरीजो का सफल ऑपरेशन जिला चिकित्साल बालोद मे लाकर किया जाएगा। संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ राज्य मे एक साथ निश्चित दिवस मे मनाया जा रहा है। गंभीर मरीजो को चिकित्सा महाविद्यालयो मे ईलाज हेतु भेजा जाएगा। जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ उईके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, नेत्र विषेसज्ञ डॉ एलएन वर्मा एवं सहायक जिला नोडल अधिकारी के नेतृत्व में यह कार्य सुचारू रूप से संपादित किया जा रहा है। जिला बालोद मे दोनो आंखो से मोतिया बिन्द दृष्टिहीन रहित जिला सत्र 2022–23 मे घोशित किया जा चुका है। यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धी है अभी तक छत्तीसगढ़ राज्य मे 11 जिले ही दोनो आंखे से मोतियाबिन्द दृष्टिहीन मुक्त जिला घोशित किया जा चुका है। यह जानकारी सहायक जिला नोडल अधिकारी अंधत्व जिला बालोद अनिल कुमार सिन्हा ने दी।





सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## ग्राम मुंदेरा में मातर उत्सव मनाया

**गुण्डरदेही।** दीपावली के पावन अवसर पर ग्राम मुंदेरा मे मातर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि छाया विधायक जसवंत सिन्हा शामिल हुए।

जहां उन्होने सुआ नृत्य कार्यक्रम मे भारत माता की भूमिका निभाने वाली टीना धनकर से कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक जुड़ाव हो गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जसवंत सिन्हा ने भारत माता की भुमिका निभाने वाली मुंदेरा की नन्ही बच्ची टीना धनकर के जीवन मे मुस्कान बिखेरते हुए उक्त बच्ची का संपूर्ण शिक्षा व विवाह संस्कार तक के लिए अपनी बेटी मानकर मंच से ही उसको गोद लेने की घोषणा की। जिस पर नन्ही बच्ची की माता पिता व ग्रामीणो ने जसवंत सिन्हा का ह्रदय से धन्यवाद दिया। साथ ही जसवंत सिन्हा ने सभी ग्रामीणो को गांव के विकास व सहयोग के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य वंदना साहू, सरपंच प्रीति ग्वालियर, ग्रामीण पीयूष धनकर, भार्गव ग्वालियर, दीपक यादव, तुषार ठाकुर, बिट्टू साहू व समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

## युवक को मारपीट कर किया घायल रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** फटाका फोड़ने को लेकर चार लोगो ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 25 सब्जी मार्केट दल्लीराजहरा निवासी मोती लाल कनौजिया ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को 12.30 बजे दिन फटाका फोडने की बात को लेकर श्रवण, अमरजीत उर्फ छोटू, गोलू पिपरे एवं राममिलन सभी घर अंदर घुसकर वाद विवाद कर गाली गलौज कर सभी ने हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा अमरजीत उर्फ छोटू ने डंडा से मारपीट किया है। जिससे मेरे दाहिने पैर में चोंट आया है, इसी बात को लेकर 24 अक्टूबर को सुबह 06.30 बजे अमरजीत उर्फ छोटू एवं श्रवण मेरे घर के पास आकर गाली गलौज जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया है। जिससे मेरे मस्तक में चोंट आकर खून निकला है।

## मानस गोष्ठी ग्राम अछोटी में कल

**अंडा।** मानस गोष्ठी ग्राम अछोटी अखिल ब्रह्मण के नायक करुणावरुणालय विश्वरूप राम चंद्र की असीम अनुकम्पा से ग्राम अछोटी में मानस सुधा परिवार एवं समस्त ग्रामवासी के संयुक्त तत्वाधान में मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्वलन सुबह 9.00 बजे, पूजा अर्चना, सुबह 9.30 बजे मंगलाचरण स्थानीय मानस मंडली द्वारा, सुबह 10.30 बजे मानस संगोष्ठी प्रारंभ समापन विसर्जन रात्रि 8.00 बजे आयोजक जय तुलसी मानस मंडली, जय मां शीतला महिला मानस मंडली, ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी राजेंद्र साहू ने दी।

## परेशानी : फसल में कटवा और माहू जैसी बीमारियों का खतरा

# बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी, फसल की कटाई में चुनौती बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- धान की फसल लहलहा रही, लेकिन बारिश ने कटाई की तैयारियों पर लगाई रोक

जिले में दीपावली मनाने के बाद अचानक मौसम बदला और घने बादलो के बीच हल्की बूंदा बांदी जिले में देखने का मिली। जिससे किसानो को फसल की चिंता सताने लगी है।

जिले में इस वर्श अच्छी बारिश के कारण जिले के चारो तरफ धान की फसले लहला रही है और पानी की कमी ना होने के कारण जिले के किसान फसलो को देखकर काफी प्रसन्नता पूर्वक दीपावली त्यौहार मनाए और जिले में कई धान के फसल पककर लगभग तैयार है लेकिन दीपावली के बाद हो रही हल्की बूंदा बांदी से जिले के किसानो मे चिंता की लकीर देखने को मिल रही है।

जिसके तहत हरूना किस्म की धाने लगभग पककर तैयार है जिनकी कटाई अब दीपावली के बाद किसानो द्वारा प्रारंभ किया जाना था लेकिन दीपावली खत्म होते ही जिले के आसमान में घने बादलो के हल्की बूंदा बांदी के कारण धान कटाई की तैयारी कर रहे किसान आसमान खुलने का इंतजार करते दिख रहे है।

वही जो धान पककर तैयार है उनके बूंदा बांदी मे बाली झड़ने की चिंता किसानो में बनी हुई है। जिससे कटाई के समय धान झड़ने की दिक्कतो से किसानो को दो चार होना पड़ सकता है। वही हवा व पानी मे धान की फसल जमीन में लिपट जाने से धान का फसल खराब हो सकता है।

वही धान के कई फसल वर्तमान में निकल रहे है ऐसे में इन फसलो में कटवा, माहू जैसे बिमारियां लगने की संभावना है। जिसके कारण वर्तमान में निकल रहे धान की फसल प्रभाविक भी हो सकती है।

वही कई ऐसे किसान है जो धान के फसल की कटाई का समय आते ही खेतो में ओनहानी के फसल का छिड़काव करते दिख रहे है। ऐसे में अगर तेज बारिश होती है तो खेतो में छिड़के गए ओनहारी दलहन तिलहन फसल प्रभावित होने की आशंका रहेगी तथा खेतो में पानी भर जाने पर आगे दलहन तिलहन का फसल लेने वाले किसानो को दिक्कतो का सामना करना पड़ सकता है।

जहां एक ओर फसल पकते ही किसान खेतो से पानी निकालते दिख रहे है ताकि हार्वेस्टर जैसी मशीन ले जाकर वे अपनी फसल आसानी से कटवा सके लेकिन बारिश के कारण खेत न सूखने की स्थिति मे धान की फसल कटाई किसानो को महंगी पड़ सकती है।

ऐसे मे जिले के किसान जल्द मौसम खूलने की प्रार्थना करते दिख रहे है ताकि उन्हे धान की फसल कटाई से लेकर उसे सुरक्षित घर लाने व बिक्री मे दिक्कतो का सामना ना करना पड़े।

## ग्रामीणों ने समाज सुधार का संकल्प लिया, नशा करने बेचने पर लगेगा भारी जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल में बसे ग्राम भीमाटोला में शनिवार को महिला पुरुष का बैठक रखकर नशा पान के बारे में चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने गांव को सुधारने के लिए कड़ी से कड़ी जुर्माना का निर्णय लिया गया। बता दें कि ग्राम भीमाटोला में अवैध शराब बिक्री करने वाले का शंका ग्रामीणों के सामने आया था। लेकिन अवैध शराब बिक्री नहीं पाया गया, ना ही शराब पीने वाला व्यक्ति मिला ग्रामीणों द्वारा यह साबित हुआ कि हमारे ग्राम में अवैध शराब बिक्री नहीं होता है और भविष्य में हमारे ग्राम भीमाटोला में अवैध शराब बिक्री पाया जाता है तो उसे शराब बेचने वाले को 50,000 रुपए एवं उचित कार्यवाही का निर्णय का प्रस्ताव किया गया है। गांव में शराब लेकर पीने वाले व्यक्ति को 80,000 रुपए का जुर्माना और गांव में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले को 90,000 रुपए जुर्माना साथ ही साथ गांव में जितने भी किराना दुकान या पान ठेला में 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को तंबाकू गुटखा गुड़ाखू खरीदी बिक्री पर प्रतिबंधित किया गया, जिससे यह साबित होता है कि शराब को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। बता दे की



ग्रामीणों ने बिना कारण के सार्वजनिक स्थानों में रात्रि 10 बजे के बाद बैठने पर 5000 रूपये का जुर्माना प्रस्तावित किया है। साथ ही साथ ताश जुआ खेलने वाले व्यक्ति को पकड़ने पर 5000 रुपए का जुर्माना, गांजा बेचने वाले व्यक्ति को 5000 रूपये, सार्वजनिक जगह में गांजा बीड़ी सिगरेट धूम्रपान सेवन करने वाले व्यक्ति को 70,000 रुपए जुर्माना लेने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में महिला पुरुष मिलकर 200 से 250 व्यक्ति शामिल होकर निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्यतः पुरुषोत्तम नायक ग्राम पटेल, गोमती बाई नायक सरपंच, हेम कुमार रावटे पूर्व जनपद सदस्य सहित ग्राम समिति एवं पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## साहू समाज के युवक-युवतियों का हुआ परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे स्वजातीय युवक-युवतियां

साहू समाज के अधिकांश लोग विवाह योग्य युवक युवती ढूंढने के लिए बहुत ज्यादा भटकना पड़ता है। इसलिए ऐसे लोगों को एक प्लेटफार्म में लाकर एक प्राथमिक प्रयास करने के लिए 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक पांच दिवसीय विवाह योग्य युवक/युवती मार्गदर्शन शिविर का आयोजन साहू सदन गुण्डरदेही में आयोजित है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिले एवं स्थानीय स्वजातीय युवक युवतियां शिविर में पहुंच रहे हैं। तहसील साहू संघ के उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने भी तहसील द्वारा ये सफलतम प्रयास सामाजिक हित में किया जा रहा है और सामाजिक लोग इस कार्य का भूरि भूरि प्रशंसा किया जा रहा है। समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे जी ने बताया कि इस पांच दिवसों में जितने भी युवक –युवती पंजीकृत होंगे उन सभी अंतिम दिवस में सभी को एक मंच में शामिल कर एक दूसरे का योग्यता के आधार पर आपसी भेट मुलाकात कर संबंध जोड़ने का सफलतम प्रयास किया जाएगा। इस कार्य को सफल बनाने के लिए तहसील साहू संघ के निवर्तमान पदाधिकारी जेआर साहू, वीरेंद्र साहू, कल्याण सिंह साहू, राजेंद्र कुमार साहू, टीकम सिंह साहू तथा नवनिर्वाचित परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रहास साहू, दुष्यंत कुमार साहू, लेखुराम साहू, झग्गर सिंह साहू, रवि कुमार साहू, भीषम साहू, हरदेव लाल सार्वा व अन्य समाजिक लोगो का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## धूमधाम से हुआ मां लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम आलीखुटा में माता लक्ष्मी जी का विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। ग्रामवासियों ने परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के पश्चात माता की प्रतिमा को बाजे-गाजे और ढोल-नगाड़ों की मधुर धुनों के साथ पूरे गांव में शोभायात्रा के रूप में घुमाया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर माता का स्वागत किया और "जय मां लक्ष्मी" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में गांव के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन में देवलाल निषाद, सरपंच मनीराम, पटेल विमल साहू सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने मिलजुलकर आयोजन को सफल बनाया। विसर्जन यात्रा के दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर माता की आरती करती रहीं, वहीं युवक-युवतियों ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर उत्सव का उल्लास बढ़ाया। माता लक्ष्मी की प्रतिमा को विधिवत पूजा कर नदी तट पर ले जाकर मंत्रोच्चारण के साथ विसर्जित किया गया। ग्रामवासियों ने इस अवसर पर आपसी एकता और सौहार्द का संदेश देते हुए यह प्रण लिया कि आने वाले वर्षों में भी इसी उत्साह और सामूहिक भावना के साथ धार्मिक आयोजनों को संपन्न किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और सामुदायिक सहयोग की मिसाल देखने को मिली।

## परिक्षेत्र साहू समाज का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव के द्वारा हनुमान मंदिर प्रांगण बड़गांव में तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के नव नियुक्त पदाधिकारी परमानंद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा, शिवेंद्र बहादुर साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा, लोकेश्वरी साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा, युवराज साहू संगठन सचिव , निर्मला साहू महिला संगठन सचिव का सम्मान तथा बड़गांव परिक्षेत्र अंतर्गत 16 ग्रामों के नव नियुक्त ग्रामीण पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद,डौंडीलोहारा से गोपी नारायण साहू समाज सेवी, कन्हैया लाल साहू संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, नसीब राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, हलधर साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, देवकी साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, नरसिंह साहू संगठन सचिव परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, मनीषा साहू संगठन सचिव परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, उमाशंकर साहू सचिव परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, मदन लाल साहू कोषाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव, नेमीचंद साहू और बड़गांव परिक्षेत्र अंतर्गत सभी गांव के स्वजातीय जन उपस्थित थे।

## पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** स्कूल में तोड़ फोड़ व समान सहित कागजात को चोरो द्वारा चोरी किए जाने की शिकायत स्कूल के प्राचार्य ने की है। प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ई), 324(4), 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अर्जुन्दा मे प्राचार्य नीलम कौर पति बलजीत सिंह 48 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को शाम 06 बजे चौकीदार छोटेलाल ने फोन कर बताया कि स्कूल में लगे मोटर पंप, लैपटाप, सिलिंग फैन व स्कूल में लगे स्मार्ट बोर्ड और सीसीटीवी तोडफोड कर दिये है व मोटर पंप, पंखा, लैपटाप को चोरी कर ले गया है, ताले तोडकर पुराने दस्तावेजों को ले गये, सूचना पर 24 अक्टूबर को मैं स्कूल में आकर देखी तो सामान इधर–उधर पडा था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्मार्ट बोर्ड व टीवी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। बोर में लगा पुरानी मोटर पंप, लैपटाल, 2 नग सिलिंग पंखा चोरी कर ले गए थे।

## खदान के बाहर ग्रामीणों का धरना, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लाल पानी से परेशान ग्रामीणो व किसानों द्वारा खदान के बाहर किए जा रहे धरना को लेकर खदान अधिकारी ने ग्रामीणो व किसानों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 126(2), 190, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- लाल पानी से परेशान ग्रामीणो व किसानों खदान के बाहर दे रहे थे धरना

महामाया, दुलकी, कलवर खदान सेल भिलाई इस्पात संयंत्र का महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ अरूण कुमार ने पुलिस को बताया कि महामाया खदान के मुख्य मार्ग में कुछ ग्रामवासियों द्वारा 16 अक्टूबर से चक्का जाम कर दिया गया है। इस कारण से महामाया दुलकी व कलवर खदानों में कार्यरत स्टाफ, टिप्पर व अन्य मशीनरी के आने जाने का रास्ता बाधित हो गया है। चक्का–जाम करने वाले में मुख्य रूप से चौन सिंह टेकाम, कुमुडकट्टा के सरपंच डोमेन्द्र कुमार कोर्राम, कोपेडेरा के सरपंच मुकेश कुमार तेता, नलकसा के सरपंच हेमू टेकाम एवं नलकसा के पूर्व सरपंच लखन टेकाम एवं अन्य 200–250 लोग शामिल है। इस चक्का–जाम के कारण 16 अक्टूबर से प्रतिदिन लगभग 7000 टन लौह अयस्क का परिवहन बाधित हो रहा है। इस चक्का–जाम के संबंध में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा चक्का–जाम कर रहे ग्रामवासियो से बातचीत की गई व उन्हे चक्का–जाम समाप्त करने के लिए समझाया गया लेकिन वे चक्का–जाम हटाने को तैयार नही है। इस कारण लौह अयस्क का परिवहन लगातार बाधित हो रहा है, जिससे राज्य शासन को भी रयल्टी के रूप में आर्थिक क्षति हो रही है।



**मां लक्ष्मी प्रतिमा का धूमधाम से किया विसर्जन**

**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब में विराजमान मां लक्ष्मी का ग्रामीणो ने बाजे गाजे व भजन–कीर्तन करते हुए गांव के तालाब मे विसर्जन किया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य एवं समस्त ग्रामीणजन व बड़ी संख्या मे महिलाएं व बच्चे शामिल हुए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर जिलेभर में शिविरों का आयोजन जारी

# जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में शिविर का आयोजन कर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है, समिति स्तरीय शिविरो में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके।

- कोई भी पात्र किसान धान खरीदी योजना के लाभ से वंचित न रहे प्रशासन की मुस्तैदी

**एग्रीस्टेक पोर्टल में 100% पंजीयन का लक्ष्य**





इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे। इसके अंतर्गत आज 25 अक्टूबर को जिले के सहकारी समिति बघमरा, लाटाबोड़ और पोण्डी सहित अन्य सहकारी समितियों में राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का कराए जा रहे पंजीयन के कार्य का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है। वे सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411